देखो उन उजड़े खण्डहरों को जो कि कलकत्ते से हटते हुए से हैं। जो कि अब प्राचीनता के चिह्न स्वरूप ही हैं। संभव है वे कभी अच्छे-खासे मन्दिर रहे होंगे, जहां पर कभी ब्रह्मनिष्ठ ब्राह्मणों द्वारा वेद-शास्त्र, उपनिषदों का मनोहर सुखप्रद पाठ होता होगा और वे विशाल यज्ञ भी होते होंगे जिनकी धूम-घटाये आकाश से होड़ लगाती हुई आमोद-प्रमोद बरसाती थी और जनमानस ही क्या? प्राणिमात्र को सुख पहुँचाया करती। फिर क्यों न स्वर्ग का आनन्द भी फीका हो? खैर! जो कुछ भी रहा हो लेकिन अब वहां ऐसा भयानक वातावरण बन गया था कि जहां भय को भय लगता था। समूचा खण्डहर प्रान्त ऐसी चुप्पी साधे हुए था मानो किसी अदृश्य भय का अनुभव कर रहा हो। कहाँ थी वह पूर्व की सी चहल-पहल। हाँ कभी-कभी दिन में एकाध गीदड़ जब वहां से गुजरता था उसकी एकाध भय भरी हूक से थोड़ी देर के लिए शान्ति भंग जरुर हो जाती थी और रात्रि में उल्लुओं की वह भयावह ध्वनि जिससे सारा खण्डहर प्रान्त उनकी ध्वनि में ध्वनि मिलाता हुआ मानों कह रहा हो— 'ऐ हिन्दुओं! धिक्कार है तुम्हें जो इस तरह अपने पूर्वजों के स्थान का तिरस्कार कर रहे हो। किन्तु याद रखो! जिसने भी उपेक्षा-वृत्ति को अपनाया है, उसी का सर्वनाश हुआ। तुमने बेशक उपेक्षा कर ठुकराया है लेकिन धन्य है प्रकृति के मौन प्रहरी! जो कि अब भी रक्षा कर रहे हैं। अतः ऐ हिन्दुओं! जागो!! चेतो!!! सावधान हो जाओ!!! खैर! इस चेतावनी को किसी मानवमस्तिष्क ने अनुभव किया या नहीं कह नहीं सकते। लेकिन इतनी बात तो जरुर है कि अब उसी खण्डहर के एक टूटे-फूटे मकान में कुछ नवयुवक बैठे दिखाई दे रहे हैं। हो सकता है उस खण्डहर प्रान्त का वातावरण असर कर गया हो अथवा कोई गम्भीर विषय छिड़ गया हो, कारण जो भी हो। काफी समय तक उस मकान में खामोशी छाई रही। अचानक एक युवक उठा और आवेश भरी वाणी में कहने लगा— 'वीर जवानों! आप सभी जानते हैं कि अंग्रेज मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड क्रान्तिकारियों को कड़ी सजा देने में कितनी प्रसिद्धि पा चुका है। सारे के सारे ही पत्र-पत्रिका संचालक, युवावर्ग उससे परेशान हैं। वह दण्ड देने में ऐसे नये तरीके अपनाता है जिसे देखकर पर्वत भी दहल जाता है। हमने उसे मारने की कई बार कोशिश की किन्तु अभी तक हमने सफलता नहीं पाई है। हमें यह कार्य करके ही रहना है। याद रक्खो किसी राष्ट्र को स्थिर रखने के लिए उस देश के राष्ट्रभक्त युवक ही रीढ़ की हड्डी हुआ करते है। जब-जब भी इस देश पर आपत्ति के काले-काले घनघोर बादल मंडराये हैं जब कभी इसे विदेशियों ने नापाक दृष्टि से नष्ट करना चाहा तभी यहां के वीर नवयुवकों ने अपनी परवाह न कर राष्ट्ररक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

जिस देश के युवकों का यौवन नष्ट हो जाएगा समझो वह राष्ट्र भी नष्ट हो जाएगा। जवानों! तुम से कौन है जो उस नराधम किंग्स-फोर्ड को जहन्नुम रसीद कर दें कार्य कठिन जरूर है क्योंकि उसके साथ सदा सिपाहियों की टुकड़ी रहती है अब उसे मुजफ्फरपुर भेज दिया है। सरकार तथा स्वयं भी अपने आपको सुरक्षित हूं, समझ रहा है। अत्याचारी के पापों का घड़ा भर चुका है। अब हम उसे अधिक दिन तक जिन्दा नही देखना चाहते, बताओ कौन तैयार है? अपने नायक का यह वाक्य सुनते ही एक साथ सभी के हाथ ऊपर उठे और 'मैं तैयार हूं' सभी एक साथ कह उठे। एक युवक तो इतना उतावला हो गया कि खड़े होकर जोश भरी वाणी में कहा—"मुझे आज्ञा दीजिए"।

असीम उत्साह को देखकर नेता की वाणी फूट पड़ी—ऐ सुकुमार युवक! आयु १८ वर्ष के लगभग है। क्या? कर सकोगे इस कठिन साधना को?

"क्यों नहीं। आपका आशीर्वाद चाहिए" गर्व पूर्ण उत्तर था युवक का।

"जानते हो? अंग्रेज शासक तुम्हारी इस कोमल अवस्था पर तरस नही खायेंगे। परिणाम भंयकर होगा।

"मृत्युदण्ड! गुरुदेव!! मृत्युदण्ड!!! और कुछ नहीं मैं तो उसे वरदान समझता हूँ।"

"अच्छा पकड़े जाने पर जानते हो सगे सम्बन्धियों के उस जाल को जिसमें पड़कर पथ भ्रष्ट हो जाओगे।"

नहीं श्रीमान्! मेरा तो लक्ष्य ही यही है। तभी तो माता-पिता ने छः वर्ष की आयु में ही भारतमाता की सेवार्थ मुझे छोड़ स्वर्ग सिधार गये ओह! आपने ही तो कहा था "भारतमाता को मुक्त करने के लिए माता-पिता, सगे-सम्बन्धियों का मोह छोड़ना पड़ता है। कठोर व्रती की तरह उसे कर्त्तव्य मार्ग पर बढ़ना पड़ता है। आपत्तियां आयेंगी रुकना न होगा। उसके लिए कोई विश्राम नहीं, कोई विराम नहीं। यह कण्टकाकीर्ण मार्ग है। तो बस! अब मेरा एक ही लक्ष्य एक ही लगन, एक ही धुन—आत्मोत्सग! आत्मोत्सर्ग!! भारत को मुक्ति हेतु आत्मोत्सर्ग!!!

सन् १९०८ का अप्रैल मास। मुजफ्फरपुर का यूरोपियन क्लब। संध्याकाल का समय। भगवान्सूर्यदेव ने मानों दुष्टों के अत्याचारों से दुःखी होकर भारत की वेदना को देखने से अनिच्छुक हो अस्ताचल में अपना मुख छुपाया। धीरे-धीरे रात्रि की कालिमा छाने लगी और अन्धेरा हो गया।

वह यूरोपियन क्लब जो कि अनेकों वृक्षों से घिरा हुआ था अब देखने से भी दिखाई न दे रहा था। ऐसे समय में दो नवयुवक बहुत ही तेज कदम रखते हुए अपने आपको सम्भालते हुए आशंकित दृष्टि से सभी वस्तुओं को निहारते हुए क्लबसे थोड़ी दूर पर ठहरे। उनकी दृष्टि व हाव भाव को देखकर ऐसा प्रतीत होता था कि वे अपने कार्य को किसी को नहीं दिखलाना चाहते अब दोनों ही युवकों ने बहुत ही चुस्ती से पार्श्व-स्थित झुरमुटों की शरण ली।

क्लब की घडी ने आठ बजे की सूचना दी। इधर दोनों युवकों में कुछ कानाफूंसी हुई। उनमें से एक ने कहा—'भाई प्रफुल्ल ! अन्धेरे के कारण कुछ दिखाई तो नहीं दे रहा, किन्तु यह जो धुंधला प्रकाश दिखाई दे रहा है इसी के द्वारा यह अनुमान लगा रहा हूं कि यह गाड़ी किंग्सफोर्ड की ही है। दूसरे ने उसकी बात को वहीं रोक-कर कहा— यह तो ठीक है किन्तु परिणाम जानते हो क्या होगा ? इधर देखिए क्लब की ओर अनेकों दर्जन सिपाही किस तरह सतर्क हैं। यदि थोड़ी सी भी असावधानी हुई तो किये-कराये पर पानी फिर जायेगा।

"जब से देश सेवा का व्रत लिया है तभी से आपत्तियों की कोई चिन्ता नहीं की। मरेंगे तो देश के लिए, जीयेंगे तो देश के लिये ही" पटेल ने कहा।

घोड़ों के टापों का शब्द तेजी से आकर कानों में टकराने लगा। यही समय उचित है यह समझ खुदीराम ने प्रफुल्ल से कहा— सावधान ! अब अधिक देर करना उचित नहीं है, तुम मुझ-से हटकर खड़े रहो। मेरे बम फेंकने के साथ ही तुम भाग जाना। मेरी चिन्ता न करना। जीवित रहा तो गुरुजी के चरणों में जाऊंगा। अच्छा भैया विदा ! वन्दे मातरम् !!

एक ओर का धमाका हुआ परिणाम देखने के लिए वे युवक अब वहां नहीं थे। दोनों ही दिशाओं में भाग रहे थे। इधर बम के कारण घायलों की और अन्य जनों की चीत्कार, कोलाहल, रुदन और क्रन्दन और उनका तीव्र से तीव्रतम गति से पलायन।

बैनी का रेलवे स्टेशन सन्ध्या का पावनसमय। भगवान्सूर्यदेव के आगमन का समय। तभी तो पूर्व दिशा में स्वागत की तैयारियां हो रही हैं। वे देखो ! प्रभात के वे वैतालिक पंछी कैसी मीठी सुरीली तान छोडकर स्वागत कर रहे हैं। सूर्य स्वागत से सत्कृत हो भारत दर्शन को उतावले होकर तीव्र गति से चले आ रहे हैं। और इधर युवक स्टेशन से दूर पटरी पर से भागता हुआ सूर्य की गति के साथ अपनी गति मिलाता हुआ बेहताशा होकर भागा चला आ रहा है। पसीने के कारण सारे कपड़े भीग गये हैं। मुख पर थकावट की रेखाएं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। फिर भी उसी गति से भागता हुआ आ रहा है। स्टेशन पर आकर रुका, फिर मध्यम गति बढ़ाता हुआ एक दुकान पर आ बैठा। भूख जोर की लगी हुई थी अतः थोड़े से चने खरीद लिए और वहीं बैठकर खाने लगा। उसी समय एक व्यक्ति ड्योंडी पीटता हुआ कहने लगा—कल रात लगभग ८॥ बजे क्लब के पास बम विस्फोट हुआ, जिसके कारण किंग्सफोर्ड के अतिथि मि० कैनेडी व उनकी पुत्री को चोट आई, पुत्री और सईस मर गये। अतः जो कोई भी हत्यारे को पकड़वा देगा उसे इनाम दिया जायेगा"। कहकर आगे बढ़ गया। दुकान पर बैठे युवक ने चने खाने छोड़कर कुछ

कुछ विचार करने लगा। पूर्व जैसा संतोष उसके चेहरे पर नहीं रहा। अनेकों विचारों ने उसे आ घेरा, थकावट तो उनके मुखपर पहले से ही विद्यमान थी हो भी क्यों नहीं २०-२५ मील जो चला था।

इधर दुकानदार को भी संशय ने आ घेरा। उसने सोचा शायद यही वह होगा जो कि बम के द्वारा कइयों की हत्या करके आया है। तुरन्त ही खबर दी। चन्द मिनटों में सिपाहियों ने दुकान को आ घेरा और बहुत मुश्किल से पकड़ कर जंजीरों में जकड़ दिया। युवक हस हसकर गाने लगा।

सुना है जब से मरने का नाम जिन्दगी है।
सर से कफन लपेटे कातिल को ढूंढते हैं॥

सुनकर सिपाही दंग रह गये कि आयु में तो १७-१८ वर्ष का है। ऐसी बातें कहाँ से सीखकर आया है। कर्त्तव्यानुसार उन्होने उसे जेल में ठूंसकर ही सांस ली।

सन् १६०८ का अगस्त मास। ग्यारह तिथि की प्रभात बेला। जेल में युवक प्रतिदिन की भांति नित्यकर्मों से निवृत्त होकर भगवद् भक्ति में लीन हो गया। अभी ईश्वर आराधना करके बैठा ही था कि जेलर ने जेल के फाटक खोल दिये। सामने देखकर आश्चर्य हुआ कि यह छोटो सो मूर्ति किस तरह हंस रही है। अब इसे फांसी मिलने वाली है। व्यंग करते हुए जेलर ने कहा—"युवक! जानते हो तुम्हारे कर्तव्य का आज तुम्हें उपहार मिलेगा?"

"हां जानता क्यों नहीं, फांसी ही तो मिलेगी और तो कुछ नहीं"। उत्तर सुनकर जेलर सकपका गया। आश्चर्य तो तब हुआ जब कि तोलने पर दो पौण्ड वजन बढा हुआ मिला।

उसे फांसी घर में लाया गया। छः बजने ही वाले थे। फांसी का समय निकट आ चुका था। अतः नियमानुसार उसे अन्तिम इच्छा व्यक्त करने के लिए कहा। खुदीराम ने कहा—"मैं युवकों को बम बनाने की विधि सिखाना चाहता हूं।" बात को सुनकर सभी भयभीत हो उठे और अन्तिम इच्छा को पूर्ति वह न कर सके।

युवक कुछ खिन्न सा हो गया उसे देखकर एक ने कहा-वीर खुदीराम! अब तक तुम हस रहे थे क्या अब फांसी घर को देखकर, मृत्यु को सामने देखकर डर गये?

खुदीराम का चेहरा तमतमा उठा और कहा—"आगे से ऐसे शब्द अपनी जुबां से न निकालना। मैं दुःखी इसलिये हूं कि जिसे मैं मारना चाहता था वह न मरा" इच्छा अधूरी रह गई। अगले जन्म में इसका बदला लेकर ही रहूँगा।

घड़ी को टन-टन की आवाज के साथ छः बज गये। फांसी का निश्चित समय। युवक फांसी के लिए तैयार खडा है। यह देखिये—

ऐ प्यारी मातृभूमि मैं जन्म दुबारा ले आऊगा।
इसी तरह से सेवाव्रत से मुक्त तुझे कराऊंगा॥

यों गाता हुआ फ़ांसी की रस्सी को चूमकर गले में डाल ली। प्राणादि को साथ ले जीवात्मा कूच कर गई। रह गया था केवल चेतना रहित निर्जीव शरीर और उसकी वह कर्त्तव्य,निष्ठा देशप्रेम और अटूट उत्साह॥

वैदिक धर्म में शूद्र की स्थिति

—डॉ० सत्यव्रत राजेश

सरिता आदि पत्रिकाओं में यह देखने को प्रायः मिलता है कि हिन्दू धर्मशास्त्रों में शूद्र को बहुत नीच तथा घृणित माना गया है, लगता है उनके सम्मुख धर्मशास्त्रों का वही भाग आता है जिसमें शूद्रों का घृणित रूप प्रदर्शित किया है। वेदों तथा धर्मशास्त्रों का वह भाग जिसमें शूद्र का समुज्ज्वल रूप प्रदर्शित किया है उसे जान-बूझ कर ओझल कर दिया जाता है।

आर्यसमाज वेदों को प्रमाण मानता है, उस के मन्तव्यानुसार अन्य ग्रन्थ साक्षिवत् हैं, उनमें यदि वेदानुमोदित बात लिखी है तो वह मान्य है वेद विरुद्ध कथन को मान्यता नहीं दी जा सकती है।

वेद ने चार वर्ण माने हैं— ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र। वेद के अनुसार—

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां[1] शूद्रो अजायत॥

इस समाज का, ब्राह्मण मुख के समान, क्षत्रिय बलवीर्य, वैश्य ऊरू के समान भाग दौड़ करने वाला तथा सेवा एवं निरभिमान गुणयुक्त व्यक्ति शूद्र है, भाव यह है कि समाज संचालन के लिए शिक्षक, रक्षक, पोषक तथा सेवक या सहायक की आवश्यकता होती है। विश्व का कोई भी सभ्य समाज इनके बिना नहीं चल सकता, अतः वेदों की चातुर्वर्ण्य व्यवस्था अत्यन्त अपेक्षित है, ग्राह्य है इसके बिना संसार का कार्य नहीं चल सकता वेदमनीषी महर्षिदयानन्द का भी यह मत है कि यह वर्णव्यवस्था जन्म के आधार पर न होकर कर्म के आधार पर होनी चाहिए क्योंकि वर्ण शब्द 'वृञ्' धातु से निष्पन्न होता है उसका अर्थ है ही चुनना, अतः प्रत्येक व्यक्ति अपने सामर्थ्यानुसार जिस कार्य को चुने वह वर्ण होता है। यह कार्य स्वाभाविक रुचि पर निर्भर है, किसी पर थोपा नहीं जाता।

वैदिक धर्म के अनुसार शूद्र की सामाजिक स्थिति ऐसी नहीं मानी गई है जैसा कि प्रायः प्रदर्शित किया जाता है। शूद्र आर्य-समाज का एक अंग है, पर है उसको पवित्रता में किञ्चित भी सन्देह नहीं है। महर्षि दयानन्द ने शूद्र का अर्थ प्रेमपूर्वक सेवा तथा शुद्धि करने वाला किया है। मनु[2] तथा याज्ञवल्क्य[3] ने उसे 'शुचि'

१—यजु० ३०.५।
२—मनु० ६.३३५।
३—याज्ञवल्क्य० १.१२१।

कहा है, जिसका अर्थ कुल्लूक भट्ट ने बाह्याभ्यन्त-रशौचोपेतः" तथा विज्ञानेश्वर ने मिताक्षरा में 'बाह्याभ्यन्तरशौचयुक्तः द्विजवत्' किया है, दोनों के ही अनुसार शूद्र बाह्य तथा आभ्यन्तर से पवित्र होता है, इसीलिए मिताक्षरा में उसे पवित्रता में द्विजों के समकक्ष माना है। गौतम भी उसका गुण पवित्रता मानता है।[२]

किन्तु कतिपय ग्रन्थों में शूद्र का यह पावन रूप दृष्टि से ओझल करके एक वीभत्स रूप भी दृष्टिगत होता हैं। जिसके अनुसार वह सब कुछ खाने वाला, सब प्रकार का (अच्छा, बुरा) कर्म करने वाला; अपवित्र, शूदशास्त्र परित्यागी तथा सदाचार से रहित है।[३] हिंसा तथा अनृत से प्रेम रखने वाले,लोभी, सब कार्य करके जीविका चलाने वाले, काले तथा पवित्रता से रहित द्विज ही शूद्र बन गये।

हिंसानृतप्रिया लुब्धा सर्वकर्मोप्जीविनः।
कृष्णाः शौच परिभ्रष्टास्ते द्विजाः शूद्रतांगताः।[४]॥

दीर्घकाल तक वैर रखना, निन्दा करना, असत्य बोलना, ब्राह्मणों को दूषित करना, चुगली तथा निर्दयता से शूद्रों के लक्षण जानने चाहिए।

दीर्घवैरमसूया च असत्यं ब्रह्मदूषणम्।
पैशुन्यं निर्दयत्वं च जानीयाच्छूद्र लक्षणम्॥[५]

इत्यादि स्थलों में शूद्र का आर्यरूप अन्तर्धान कर दिया गया है। ऐसी अवस्था में उन्हें पापी मानकर उनके साथ बोलने[६], उनके घर[७] का अथवा उनका छुआ अन्न खाने[८] अथवा उसके पास बैठ कर खाने तक का निषेध[९] कर दिया गया, जैसे श्मशान में बैठकर स्वाध्याय न करे। इसीप्रकार शूद्र तथा पतित के पास भी न करे[१०]। पशुओं में घोड़े की भांति मनुष्यों में शूद्र है, अतः शूद्र यज्ञ के योग्य नहीं है[११] बहुत पशु पास होने पर भी वह यज्ञ करने के योग्य नहीं है[१२]। वह दूसरों से अनुशा-शित होता है। उसे इच्छानुसार उठायो या पीटर

१—द्र० मन्वर्थमुक्तावलि ६.३३५।
२—गोतम धर्मसूत्र २.१.५२।
३—सर्वभक्षरतिर्नित्यं सर्वकर्मकरोऽशुचिः।
त्यक्तवेदस्त्वनाचारः स शूद्र इति संज्ञितः॥ म० भा० शान्ति० १८९.७
४—वही १८८.१३
५—वशिष्ठस्मृति ६.२३ अथ। ६ १८८।
६—स्त्रीशूद्रैर्नाभिभाषेत। बोधायन धर्मसूत्र ३.८.८,८२।
७—वशिष्ठ स्मृति १९०-१९२।
८—यत्र शूद्र उपस्पृशेत्। आपस्तम्बधर्म सूत्र १,१७.१।
९—गौतम ध० सू० २.७ १९
१०—श्मशानवच्छूद्र पतितौ। आपस्तम्ब ध० सू० १.९.९।
११—तैत्तिरीय संहिता ७.१.१.६।
१२—तस्माच्छूद्र उत बहु पशुरयज्ञियः॥ ताण्ड्यमहाब्रह्म ७६.१.११।

जा सकता है[1]। परमात्मा ने ब्राह्मणों को गायत्री के साथ उत्पन्न किया, राजन्य को त्रिष्टुप् के साथ, वैश्यों को जगती के साथ किन्तु शूद्र को किसी भी छन्द के साथ उत्पन्न नहीं किया[2] शूद्र असत्य है, शूद्र श्रम है, एक दीक्षित को शूद्र से भाषण नहीं करना चाहिए[3]।

इसीप्रकार के अनेक श्लोक, सूत्र आदि बना कर शूद्रों को यज्ञ तथा वेदाध्ययन आदि से वंचित कर दिया गया तथा यहां तक लिख दिया गया कि यदि शूद्र वेद सुनें,तो रांगा तथा लाखसे उसके कान भर दिये जायें तथा वेद मन्त्र बोलने पर जिह्वा काट ली जाए तथा वेद मन्त्र धारण करने पर शरीर चीर दिया जाये, बैठने, सोने, चलने तथा मार्ग में बराबरी करने पर उसे दण्ड दिया जाये[4], मीमांसादर्शन के 'श्रवणाध्ययनार्थ-प्रतिषेधात् स्मृतेश्च (१. ३. ३८) सूत्र को शंकर रामानुज तथा माध्व आदि आचार्यों ने भी मान्यता प्रदान की है[5]।

किन्तु वर्ण व्यवस्था के विषय में जब हम गम्भीरता से विचार करते हैं तब हमें यह व्यवस्था न्याय पूर्ण प्रतीत नहीं होती, यह देख कर भी आश्चर्य होता है कि जो गौतम सत्य, क्रोध रहितता, तथा शौच (पवित्रता) को शूद्र का आचार मानता है[6]। एवं पाक यज्ञों से यजन का भी विधान करता है[7], तथा आपात्काल में ब्राह्मण को शूद्रवृत्ति अपनाने की सम्मति देता है[8] वह शूद्र के प्रति इतना कठोर कैसे बन गया। समझ में नहीं आता कि इसे उनका स्वयं का मत माना जाये अथवा प्रक्षेप। किन्तु कुछ भी हो उन को यह मान्यता उपयुक्त प्रतीत नहीं होती, क्योंकि वेद तथा अन्य वैदिक तथा लौकिक साहित्य में कहीं उच्च एवं कहीं उदार विचार शूद्र के प्रति मिलते हैं। वस्तुतः शूद्र की उपेक्षा समाज के पग की उपेक्षा है, उसके बिना समाज पंगु बनकर रह जाएगा। शूद्र को आर्यसमाज से बहिष्कृत करना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के सदृश है।

१—(शूद्रो) अन्यस्यप्रेष्यः कामोत्थाप्यो यथाकामवध्यः।
२—ऐ० ब्रा० ५.१२ ऐत० ब्रा० ३५.३।
३—धर्मशास्त्र का इतिहास—अनु० चौबे, पृ० ११२।
४—अथ हास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रप्रतिपूरणमुदाहृते जिह्वाच्छेदो धारणे शरीरभेदः। आसनशयन वाक्पथिषु समप्रेप्सुर्दण्ड्यः॥ गौतम धर्मसूत्र २.३.४-५॥
५—द्र० कविरत्न अखिलानन्द शर्मा, वैदिक वर्ण व्यवस्था, पृ० १०
६—तस्यापि सत्यमक्रोधः शौचम्॥ गौ० ध० सू० २.१.५२
७—पाकयज्ञैः स्वयंयजेत्येके॥ वही २.१.६७
८—तदप्येके प्राणसंशये॥ वही १.७.२३

वेद और शूद्र—

वेद मानवों को दो श्रेणियों में विभक्त करता है—आर्य और दस्यु[१]। आर्यों में कार्य विभाजन की दृष्टि से चारों वर्ण आते हैं तथा दस्यु समाज के नियमों पर न चलने वाले, मानवोचित कार्य न करने वाले, अयज्ञिय तथा नास्तिक को बतलाया गया है,[२] मनु का कथन है कि चारों वर्णों से अतिरिक्त जो जातियां है—चाहे वे म्लेच्छ भाषा बोलती हों या आर्यभाषा—वे सब दस्यु है,[३] मनु के भी इस प्रमाण से स्पष्ट है कि शूद्र दस्यु नहीं हैं अपितु आर्य हैं, वेद में विश्व को आर्य बनाने का उपदेश किया है,[४] यदि शूद्र वेद को मान्य न होता तो उसके बनाने का उपदेश क्यों करता, यजुर्वेद में तप—द्वन्द्व सहन के लिए तथा शारीरिक श्रम के लिए शूद्र के बनाने की प्रार्थना मिलती है,[५]।

वेद की दृष्टि में मानवों में न कोई जेष्ठ है और न कनिष्ठ या मध्यम, सब अपनी महत्ता से वृद्धि करें,[६] मानवता की दृष्टि से बड़े, छोटे के भेदरहित ये सब भाई सौभाग्य तथा उत्तम धन की प्राप्ति के लिए बढ़ें[७] यहां सब मरुतों = मरण-धर्मा मनुष्यों को भाई कहा गया है जिसका तात्पर्य यह है कि जैसे एक परिवार में भिन्न-भिन्न कार्य करते हुए भी सब भाई साथ रहते, साथ खाते-पीते तथा सुख-दुःख में परस्पर सहयोगी होते हैं, उसी प्रकार सब वर्ण भी परस्पर में एकता का भाव रखते हुए रहें। परमेश्वर सब मनुष्यों को उपदेश करते हैं कि तुम उत्तमविद्यादि गुणयुक्त, विद्वान् सज्ञान तथा धुरन्धर होकर विचरते हुए और परस्पर मिलकर धन-धान्य की वृद्धि करते हुए विरोधी वा पृथक्-पृथक् भाव मत रखो, एक दूसरे के लिए सत्य मधुर भाषण करते हुए, एक दूसरे को प्राप्त होवो, इसलिए समान लाभालाभ से परस्पर सहायक तथा तुम को समान मन वाला करता हूँ,[८] इस मन्त्र के अनुसार भी चारों वर्णों

१—विजानीह्यार्यान् ये च दस्यवः।

२—अन्यव्रतममानुषमयज्वानमदेवयुम। दस्यु… ऋ० ८-७०-११।

३—मुखबाहूरुपज्जानां या लोके जातयो बहिः।
म्लेच्छवाचश्चार्यवाचः सर्वे ते दस्यवः स्मृताः॥ मनु० १०-४५॥

४—कृण्वन्तो विश्वमार्यम्॥ ऋ० ९-६३-५॥

५—तपसे शूद्रम्। यजु. ३०.५

६—ते अज्येष्ठा अकनिष्ठास उद्भिदोऽमध्यमासो महसा वि वावृधुः॥ ऋ० ५-५९-६॥

७—अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सं भ्रातरो वावृधुः सौभगाय॥ ऋ० ५-६०-५॥

८—ज्यायस्वन्तश्चित्तिनो मा वियौष्ट संराधयन्तः सधुराश्चरन्तः।
अन्यो अन्यस्मै वल्गु वदन्त एत सध्रीचीनान् वः संमनसस्कृणोमि॥
अथर्व० ३-३०-५, द्र०—संस्कारविधि, गृहस्थाश्रम प्रकरण पृ०२०४ महर्षि दयानन्द।

के मनुष्यों में भेद न करके सबको हानि-लाभ में एक दूसरे के सहायक तथा समान विचार रखने का आदेश है।

इसी प्रकार अन्यत्र भी वेद में समानता, सहयोग तथा एकता की भावना का उल्लेख हुआ है[1]।

शूद्र और वेदाध्ययन—

यजुर्वेद में एक मन्त्र आया है जिसके अनुसार 'जैसे मैं ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, स्त्री, सेवक आदि तथा उत्तमलक्षणयुक्त, प्राप्त हुए अन्त्यज के लिए भी इन उक्त, सब मनुष्यों के लिए इस ससार में इस प्रकट की हुई सुख देने वाली चारों वेदरूपवाणी का उपदेश करता हूं वैसे आप लोग भी अच्छी प्रकार उपदेश करें.[2] इस मन्त्र के भावार्थ में महर्षि दयानन्द लिखते है—

"परमात्मा सब मनुष्यों के प्रति इस उपदेश को करता है कि यह चारों वेदरूप कल्याण कारिणी वाणी सब मनुष्यों के हित के लिए मैंने उपदेश की है इसमें सभी को अधिकार है[3]।"

सत्यव्रत सामश्रमी ने इस मन्त्र के महर्षि दयानन्दकृत भाष्य को स्वीकार किया है[4] इन्दिरारमण ने भी मानवार्थ भाष्य में महर्षि दयानन्द द्वारा प्रदर्शित मन्त्र को उद्धृत किया है,[5]।

सत्यार्थ प्रकाश में "स्त्रीशूद्रौनाधीयाताम् का उत्तर देते हुए महर्षि दयानन्द ने इसी मन्त्र को उद्धृत किया है, वहां 'अरणाय' का अर्थ'अतिशूद्र' किया है तथा शूद्रों के वेदाध्ययन के लिए निम्न तर्क प्रस्तुत किये हैं—

१—क्या परमेश्वर शूद्रों का भला करना नही चाहता ?

२—क्या ईश्वर पक्षपाती है कि वेदों के पढने सुनने का शूद्रों के लिए निषेध और द्विजों के लिए विधि करें ?

३—जो परमेश्वर का अभिप्राय शूद्रादि के पढ़ाने सुनाने का न होता, तो इनके शरीर में वाक् और श्रोत्र इन्द्रिया क्यों रचता ?

१—ऋ० १०, १६१, २–४। अथर्व० ६, ६४, १, ३। तै. ब्रा. २·४·४·४॥

२—यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः। ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय॥ यजु० २६-२ का महर्षिदयानन्द भाष्य।

३—य० भा० २६.२।

४—शूद्रस्य वेदाधिकारे साक्षात् वेदवचनमपि प्रदर्शितं स्वामि दयानन्देन—यथेमां वाचम्'''। ऐतरेयालोचन पृ० १७।

५—वेदाधिकारे शूद्राणां वेदमन्त्रश्च दर्शितः।
स्वामिभिः श्रीदयानन्दैर्वेदेषु श्रमकृत्तमैः॥ पृ० ८३

४—जैसे परमात्मा ने पृथिवी, जल, अग्नि, वायु चन्द्र,सूर्य और अन्नादि पदार्थ सबके लिए बनाये हैं, वैसे ही वेद भी सबके लिये प्रकाशित किये हैं, और जहां कहीं निषेध किया है, उसका यह अभिप्राय है कि जिसको पढ़ने-पढ़ाने से कुछ भी न आवे, वह निर्बुद्धि और मूर्ख होने से 'शूद्र कहाता है, उसका पढ़ना-पढ़ाना व्यर्थ है,'[1]।

पूर्व मीमांसा का भी मत है कि 'कर्म फल प्राप्ति के लिए किया जाना है अतः सत्कर्म विधायक शास्त्र में सबका अधिकार है,'[2] महाभारत में कहा है कि 'ब्राह्मण को आगे करके चारों वर्णों को वेद का अध्ययन करावे, क्योंकि यह वेदाध्ययन महान् पुण्य का कार्य बतलाया गया है'[3] ब्रह्मा द्वारा प्रदत्त वेदवाणी चारों वर्णों के लिए विहित है किन्तु लोग लोभवश अज्ञानता को प्राप्त हो गये,'[4]।

भविष्य पुराण का मत है कि जो पवित्र ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं उन्हें मन्त्र प्रदान करने चाहियें, संकीर्ण धर्म वालों को नहीं'[5]। महाभारत का यह भी मत है कि सतयुग में चारों वर्णों के लोग अपने-अपने कर्म में रत थे, एक जैसा ही सबका आश्रय, एक जैसे आचार, समाज ज्ञान तथा समान ही कर्म थे, एक देव परमात्मा में आस्था रखने वाले, एक प्रकार के ही मन्त्रों से विधि तथा क्रिया करने वाले, एकमात्र वेद को मानने वाले तथा एक ही धर्म के अनुयायी थे, केवल वर्णों के धर्म (कर्तव्य कर्म) ही पृथक् थे'[6]।

इन प्रमाणों से शूद्र का वेदाध्ययन सिद्ध ही है, यदि किसी स्मृति में इससे विपरीत पाया जाए

१—सत्यार्थ प्रकाश समु० ३. पृ ११०

२—फलार्थत्वात् कर्मणः शास्त्रं सर्वाधिकारं स्यात् ॥ पू० मी० ६-१

३—श्रावयेच्चतुरो वर्णान् कृत्वा ब्रह्मणमग्रतः ।
वेदस्याध्ययनं हीदं तच्च पुण्यं महत् स्मृतम् ॥ म०भा०शान्ति०३२७-४८-४६ ॥

४—इत्येते चतुरोवर्णा येषां ब्राह्मी सरस्वती ।
विहिता ब्रह्मणा पूर्वं लोभात्त्वज्ञानतो गताः ॥ म० भा० शान्ति० १८८-१५ ॥

५—ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्रा ये शुचयोऽमलाः ।
तेषां मन्त्राः प्रदेया वै न तु सङ्कीर्णधर्मिणाम् ॥ भ.पु. उत्तरपर्व ४ अ.१३.६२ ॥

६—ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राश्च कृतलक्षणाः ।
कृते युगे समभवन् स्वकर्म निरताः प्रजा ॥
समाश्रयं समाचारं समज्ञान च केवलम् ।
तदा हि समकर्माणो वर्णाधर्ममवाप्नुवन् ॥
एकदेवसमायुक्ता एकमन्त्रविधिक्रियाः ।
पृथग्धर्मास्त्वेकवेदा धर्ममेकमनुव्रताः ॥

तो वह श्रुति विरुद्ध होने से प्रमाण कोटि में नहीं आती, क्योंकि श्रुति तथा स्मृति में विरोध होने पर श्रुति ही गरीयसी मानी जाती है[1] अतः भागवत का यह कथन कि 'स्त्री, शूद्र तथा वैश्य के कान में वेद न पड़ने चाहिए,[2] श्रुति-प्रमाण के आगे निरस्त हो जाता है, इन्दिरारमण का यह कथन युक्त ही है कि 'अनेक कार्यों में व्यस्त शूद्र को अध्ययन का अवकाश कम मिलता है किन्तु यदि उसकी वेद पाठ की इच्छा, प्रतिभा तथा अवकाश हो तो वह वेदाध्ययन कर सकता है, जन्म से शूद्र कवष आदि बहुत लोग वेदमन्त्रों के दृष्टा भी हुए हैं,ऐतरेय ब्राह्मण का रचयिता दासी पुत्र नाम से विख्यात था किन्तु कर्म से ब्राह्मण बन गया था, वेदों पर सर्वाधिक परिश्रम करने वाले श्री दयानन्द स्वामी ने शूद्रों के वेदाधिकार में मन्त्र भी दिखला दिया हैं, उनका यह भी मत है कि शक्ति तथा अधिकार इन दोनों में से शक्ति के अभाव में तो वेदाध्ययन का निवारण हो सकता है किन्तु अधिकार के अभाव में नहीं, अतः वेदाध्ययन में सबका अधिकार है, मीमांसा का शूद्राधिकरण भी वेद से शूद्र का निवर्तक नहीं है. यज्ञ तथा वेद में शूद्रों के अधिकार प्रदर्शन मे ही तात्पर्य प्रतीत होता है, बाद में अनार्षकालीन भाष्यकारों द्वारा शूद्र से विद्या के निषेध के लिए अपशूद्र की कल्पना की गई है[3] ।

इस प्रकार यही निष्कर्ष निकलता है कि शूद्र भी वेदाध्ययन का उसी प्रकार अधिकारी है जैसे पिता की सम्पत्ति पर पुत्र का स्वतः अधिकार हो जाता है, किन्तु शूद्र से भी वेदानुमोदित कर्तव्य भावना तथा उत्तम खान पान आदि आर्योचित आचार की अपेक्षा है ।

शूद्र का यज्ञाधिकार—

कुछ विद्वान् शूद्र को यज्ञ का अधिकारी नहीं मानते । किन्तु वेद के गहन अध्ययन से प्रतीत होता है कि वह मानव मात्र को यज्ञ का अधिकार देता है, वेद में एक शब्द आता है 'पञ्चजनाः' निघण्टु (२.३) में यह पद मनुष्य के नामों में आया हैं, निरुक्त में इसका अर्थ कुछ आचार्यों के अनुसार 'गन्धर्व, पितर, देव, असुर तथा राक्षस

१—अतएव च जाबाल.—श्रुतिस्मृतिविरोधे तु श्रुतिरेव गरीयसी । अविरोधे सदा कार्यं स्मार्तं वैदिकवत्सता । भविष्य पुराणेऽप्युक्तम्—'श्रुत्या सह विरोधे तु बाध्यते विषयं विना । जैमिनिरप्याह(जै.१-३-३) विरोधे त्वनपेक्षंस्यादसति ह्यनुमानम् ॥ (धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः । मनु० २-१३ पर कुल्लूक ।

२—स्त्रीशूद्रद्विजबन्धूना त्रयी न श्रुतिगोचरा ॥ भा०१-४-२५ ॥

३—इन्दिरारमण, मानवार्थ भाष्यम्, उपक्रमः पृ० ८२-८३ ॥

है तथा औपमन्यु के अनुसार चारों वर्ण तथा पांचवां निषाद है, तीनों ही आचार्यों के अनुसार पंचजनाः, पद मानव मात्र के लिए प्रयुक्त हुआ है, वेद में अनेक स्थलों पर पञ्चजनों के द्वारा यज्ञ करने का उल्लेख मिलता है[1]।

महाभारत का मत है 'इन कर्मों से भिन्न हुए द्विज वर्णान्तर को प्राप्त हुए हैं किन्तु उनके लिए धर्म, यज्ञ तथा क्रिया का प्रतिषेध नहीं है[2]। इस यज्ञ को चारों वर्णों के लोग वहन करते हैं,[3] हारीत तथा गौतम शूद्रों के लिए पाकयज्ञ का विधान करते है,[4] श्रीमद्भागवत तथा ब्रह्मणोत्पत्तिमार्तण्ड मे शूद्र को बिना मन्त्र बोले यज्ञ करने वाला कहा गया है[5] किन्तु शूद्र को भी वेद मन्त्रों के बोलने का अधिकार है, यह पूर्व बतला दिया है, अतः वह अमन्त्रक यज्ञ न करके समन्त्रक यज्ञ कर सकता है। विष्णु[6] तथा याज्ञवल्क्य[7] शूद्र के लिए पञ्च यज्ञों को विहित मानते हैं। उनके अनुसार वह नमस्कार से यज्ञ करे, मीमांसा दर्शन में वर्षा में रथकार के अग्न्याधान का तथा निषाद एवं मिस्त्री के याजन का उल्लेख मिलता है, (आधाने श्रूयते—वर्षासु रथकार आदधीत)। मीमांसा शाबर० ६, १, १२, ४४, एतया निषाद स्थपति याजयेत् ६, १, १३, ५१।

१—पञ्चजना मम होत्रं जुषध्वम्। ऋ० १०-५३-४॥
पञ्चजना मम होत्रं जुषन्ताम्। ऋ० १०-५३-५॥
अन्यच्च—ऋ० ३-५९-८, ६-११-४, ९-१४-२, १०-४५-६ तथा ३-२१-५॥

२—इत्येतैः कर्माभिर्व्यस्ता द्विजा वर्णान्तिर्गताः।
धर्मो यज्ञः क्रिया तेषां नित्यं न प्रतिषिध्यते॥ म० शान्ति० १८८.१४॥

३—चत्वारोवर्णा यज्ञमिमं वहन्ति॥ वही, वनपर्व १३४.११॥

४—(क) पाकयज्ञविधानेन यजेद् देवमतन्द्रितः॥ हा० स्मृति २.१२॥
(ख) गौतम धर्मसूत्र २.१-६७॥

५—श्रीम० ७-२४ तथा ब्रा० श्लोक ५०॥

६—पञ्चयज्ञविधानं तु शूद्रस्यापि विधीयते॥ वि० स्मृ० १.९॥

७—या० स्मृ० १.१२१॥

शूद्रों से प्रेम और सहानुभूति—

वेद विश्वबन्धुत्व का पोषक है। वह सब प्राणियों को मित्रवत् प्रेम दृष्टि से देखने का उपदेश करता है[1]। सबको मिलकर रहने, प्रेमपूर्वक वार्तालाप करने, मन को ज्ञानवान् बनने तथा एक प्रभु का भक्त होने को सुन्दर शिक्षा देता है[2]। खाने पीने के स्थानों में भेदभाव वेद का स्वीकार नहीं है। आश्चर्य की बात है कि "समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः[3]" जैसे वेद के प्रमाण उपस्थित होने पर भी वेद को परम-प्रमाण मानने वाले लोगों ने अस्पृश्यता को धर्म में कैसे स्थान दे दिया क्या श्रुति के ये आदेश उनकी दृष्टि से ओझल रहे अथवा स्वार्थवश जानबूझ कर जनता में उनका प्रचार नहीं किया? वेद तो सहृदय तथा सांमनस्य का शिक्षक है, वह परस्पर इतनी प्रीति की शिक्षा देता है जितनी अपने सद्यःजात बछड़े से गाय करती है[4]। अतः शूद्र जो कि आर्य-समाज का एक अंग है वह अन्य वर्णों के साथ उसे भी प्रेम में सहयोगी बनाता है। यजुर्वेद में प्रार्थना की गई है कि 'हमारे ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रों में प्रीति तथा कान्ति भरो[5]। अथर्ववेद में भी कामना की गई है कि 'प्रभो' मुझे देवों-विद्वानों-ब्राह्मणों में प्रिय बनाओ क्षत्रियों मे प्रियबनाओ सब देखने वालों को प्रियबनाओ तथा शूद्र और वैश्य वर्ग में भी प्रियबनाओ[6]। इसप्रकार हम देखते हैं कि वेद कल्याणमयी प्रार्थना के समय शूद्र को पृथक् नहीं रखता, यह सब उसके प्रेम के ही कारण है। हमारा भी कर्तव्य है कि वेद शिक्षा पर आचरण करते हुए समाज के इस वर्ग की उपेक्षा न करें, अपने पगों को उपेक्षा करके पंगु बनना इसे रूचिकर होगा। इसीलिए वेद में चारों वर्णों मे परस्पर प्रेम सहानुभूति तथा ऐक्य के दर्शन होते है। शूद्र के आने पर उसका आरोग्य पूछा जाता है[7]। आपत्काल में ब्राह्मण भी शूद्रवृत्ति अपना सकता है[8]।

१—मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे ॥ यजु० ३६.३८ ॥

२—द्र०-सगच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम् ।
देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते आदि। ऋ० १०.१९१.२-४ ॥

३—अथर्व० ३.३० ।

४—सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमिद्वं. ।
अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या ॥ अथर्व० ३.३०.१ ॥

५—रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि ।
रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचारुचम् ॥ यजु० १८.४८ ॥

६—प्रियं मा देवकृणु वेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥ अथर्व १९.६२.१ ॥

७—आपस्तम्ब धर्मसूत्र १.१४.२६ तथा गौतम ध० सू० १.५.३८ ।

८—तदप्येके प्राणसंशये ॥ वही (गौतम) १.७.२३ ।

इससे स्पष्ट है कि वैदिक धर्मानुसार चारों वर्ण एक ही शरीर के चार अवयव है तथा अपने अपने स्थान पर सभी का महत्त्व है, यदि व्यक्ति के मुख न हो तो उसका जीवन दूभर हो जायेगा तथा ज्ञान से वंचित रहने के कारण पशुवत् आचरण करेगा, जिससे समाज समज[1] बन कर रह जायेगा। बाहु रहित व्यक्ति न अपनी रक्षा कर सकेगा, न शोधन दुष्टताडन तथा कण्टक-निवारण आदि कार्य, फलस्वरूप समाज में मत्स्यन्याय की प्रवृत्ति होगी, बड़ा छोटों को खायेगा तथा सर्वत्र दुःख और अशान्ति का साम्राज्य होगा, उरु-भाग यदि न होगा तो समाज की उत्पत्ति, विकास और यथोचित वितरण का कार्य अवरुद्ध हो जायेगा तथा समाज अभावों से पीडित होकर दु:ख और अशान्ति से कराह उठेगा इसीप्रकार यदि पग न हो तो समस्त शरीर का भार कौन वहन करेगा तथा क्या समस्त समाज पंगु बनकर न रह जायेगा।

अतः वेद का आदेश है कि समाज में चार वर्णों का अपने-अपने स्थान पर महत्त्व है, उनमें से एक के अभाव में भी समाज की गाड़ी आगे न बढ सकेगी। इसलिये सब प्रेमपूर्वक ऐसे मिलकर रहें जैसे एक परिवार में माता, पिता, बहिन, भाई मिलकर प्रेमपूर्वक रहते है वहां बड़े छोटों से प्रेम करते है तथा छोटे बड़ों का सम्मान करते हैं। यदि घर में छोटा न हो तो बड़ों को उनके होने की इच्छा बनी रहती है तथा बड़ों के न होने पर छोटे कुछ अभाव का अनुभव करते हैं। इसीप्रकार समाज में सब को परस्पर प्रेममय वातावरण बन कर रहना चाहिए।

शूद्र भी अपना भाई हैं। घृणा, अस्पृश्यता तथा अलगाव की नीति अधर्म है, पाप है तथा समाज के लिये कलंक है, इसे जितना शीघ्र समूलों नष्ट किया जाये उतना ही मानवता के लिए हित-कर होगा। आर्य वीरोंको ज्ञान तथा कर्म की कुठार से इसका उन्मूलन करना ही होगा। समयआपकी ओर निहार रहा है।

१—पशुसमूह

***

नेहरू विषयक संस्कृत वाङ्मय में नेहरू-चरित्र

—डा० मधुबाला

प० नेहरू विषयक संस्कृत-वाङ्मय में (प्रशस्ति मात्र साहित्य को छोड़ दें तो शेष सभी ग्रन्थों में) उनके जीवन-चरित्र एवं गुणों पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। जिसकी जानकारी पाठकों के लिए रोचक होगी।

पं० नेहरू का जन्म कश्मीरी कौलवंश के नेहरू घराने मे प्रयाग नगर में १४ नवम्बर १८८९ को हुआ था। उस समय कर्क लग्न थी, और सूर्य, चन्द्र, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, राहु और केतु क्रमशः पचम, प्रथम, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ, चतुर्थ, द्वितीय,द्वादश और षष्ठ भाव में थे। इनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू और धार्मिक प्रवृत्ति वाली माता का नाम स्वरूपरानी था। इनकी दो छोटी बहिनें—विजयलक्ष्मी एव कृष्णा थी। इनका शैशव राजप्रसाद सदृश आनन्द भवन मे बीता। इन्हें पढ़ाने के लिए घर पर ही अनेकों अंग्रेज अध्यापक एवं अध्यापिकाएं आते थे। किन्तु इन पर सबसे अधिक प्रभाव आइरिश अध्यापक 'फर्डिनेण्ड टी० ब्रुक्स' का पड़ा। १९०५ मे नेहरू जी अध्ययनार्थ इंग्लैण्ड चले गए वहां'हेरो'स्कूलमे स्कूली शिक्षा एव केम्ब्रिज विश्व-विद्यालय' से स्नातक परीक्षा के उपरान्त वकील बनकर ये भारत लौट आए और यहाँ 'बैरिस्टर' के पद पर कार्य करने लगे।

१९१६ ई० में पिता की आज्ञानुसार इन्होंने कमला कौल नामक अति सुन्दर कन्या से विवाह किया। विवाहोपरान्त भ्रमणार्थ कश्मीर गए। इनकी एक पुत्री हुई—इन्दिरा प्रियदर्शिनी। १९२१ में नेहरू ने महात्मा गाधी द्वारा प्रदर्शित 'असहकार' आन्दोलन स्वीकार कर लिया। इसके बाद ये राजनीति मे सक्रिय भाग लेने लगे।

'जवाहर-जीवनम् के अन्त में कवि ने 'ग्रन्थ-सार' में नेहरू जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं का क्रमशः उल्लेख किया है। यह एक स्तुत्य कार्य है।

नेहरू जी की रुचियां

नेहरू जी को व्यायाम बहुत प्रिय था उसमें भी विशेषत. शीर्षासन में इनकी विशेष रुचि थी। तैरना, घुड़सवारी एवं शिकार इन्हे बहुत प्रिय था। स्वाध्याय उनका विशेष शौक था। वे सौन्दर्योपासक थे। सभी तरह के खेल उन्हें बहुत रूचिकर थे। 'क्रीडासुसर्वभौमता' नेहरू जी की खादी ग्रामोद्योग मे विशेष रुचि थी—'खादी-ग्रामोद्योगाभ्याम् अभिरुचिः' एवं वे पाटल प्रिय थे—'कुरवकरूचिर्मरतसूनुरमूल्यरत्नम्'।

नेहरू जी का चरित्र-चित्रण

नेहरू विषयक इस वाङ्मय का उद्देश्य तो नेहरू के आदर्श चरित्रको चित्रित करना है।

इस उद्देश्य में प्रायः कवि सफल भी है। इन कवियों के वर्णनानुसार कहीं कहीं तो यह अनुभूति भी होती है कि कवि नेहरू को इस पार्थिव जगत् से ऊंचा उठाकर देवत्व की श्रेणी में पहुंचाना चाहते हैं। नेहरू का चरित्र मानवीय दुर्बलताओं से दूर एक आदर्श एवं पूर्ण चरित्र लगता है। सभी गुणों ने उन्हें ही अपना आश्रय बनाया है। 'जहाहरतरंगिनी' एवं 'नेहरू यशः सौरभम्' में जवाहर एवं नेहरू शब्दों का निर्वचन भी नेहरू के गुणों को लेकर ही किया है, इनमें जवाहर नाम की सार्थकता भी बताई है। नेहरू शब्द की व्युत्पत्ति का अपना ही आकर्षण है--

> व्यथितलोकहृदोऽस्त्वय नेह रूः।
> प्रबलतोऽप्यबलस्य च नेह रूः।
> विविधलौकगणेष्वपि नेह रूः।
> इति कृतः प्रभुणेष हि नेहरूः ॥

नेहरूजी के 'शान्तिप्रिय', देशभक्त, जननेता, युगस्रष्टा, शरणदाता आदि गुणों का इन ग्रन्थों में इतना अधिक वर्णन हुआ कि ये गुण नेहरू के पर्याय ही प्रतीत होते है।

नेहरू जी की गम्भीरता, निर्भयता, व कुपटुल कोमलता, सहृदयता एवं कर्मठता आदि का स्थान-स्थान पर वर्णन प्राप्त होता है। इनकी गम्भीरता का बहुत ही आलंकारिक वर्णन करता हुआ कवि कहता है कि सिन्धु में घोर बड़वानल एवं अनेकों नक्रों का वास होता है, नदी अपने तटों को ही निमग्न किए रहती है एवं नीचे की ओर जाने की उसकी प्रवृति है अतः व्याकुल हुई भयभीत गम्भीरता ने अभयवास सोचते हुए निर्भीक होकर तुम्हारे मानस में वास लिया—

> सिन्धुः स घोरबड़वानल-नक्रवासः,
> कूलंकषाश्च सरितश्चिरनिम्नगास्ताः।
> इत्याकुला ह्यभयवासविचिन्तयाऽसौ,
> गम्भीरता गतभया तव मानसेऽभूत ॥

जहां नेहरू में गम्भीरता है वहां उनमें बाल सुलभ चंचलता भी सहज ही देखी जा सकती है। उनकी वत्सलता इतनी प्रसिद्ध है कि बच्चे उन्हें 'चाचा नेहरू' ही कहने लगे। उनकी निःस्वार्थ वृत्ति, सत्वप्रधान वृत्ति धर्म में प्रवृत्ति, उदार-प्रवृत्ति आदि का भी इन ग्रन्थों में सुन्दर वर्णन है। उनका नियमित एवं सादा जीवन, उच्च-विचार, दान-दया, साहस, धैर्य, स्वावलम्बन की वृत्ति, दृढनिश्चय एवं विनय आदि गुण तो विश्व के लिए उदाहरण ही बन गए है।

कुशल प्रशासक नेहरू को कवियों ने पूर्वापर संस्कृतियों का संगम माना है—

> जातः सितासितपयोमययोः समीपे,
> भागीरथीयमुनयोः शुभसङ्गमस्य।
> पूर्वापर–द्विविधसंस्कृति – सङ्गमेन,
> तत्त्वद्गतेन भवति स्फुटमेव नूनम् ॥

जहाँ नेहरू कुशल प्रशासक है वहाँ समाज-सुधारक, नारी सुधारक एवं जाति-पांति के भेद-भाव को मिटाने में भी उनका योगदान प्रशंसनीय

है। 'गीत जवाहरम्' में नेहरू को 'अजातशत्रु कहा गया है।

नेहां नेहरू में इतने गुणों का समावेश है वहां साहित्यकार का हृदय भी। समय का सदुपयोग करते हुए कारावास काल में रचित नेहरू के सभी ग्रन्थों का अध्ययन उपन्यास की भांति सरस है। उनकी नौ कृतियां हैं–१-विश्व इतिहास की झलक २–हिन्दुस्तान की कहानी ३-लड़खड़ाती दुनियां ४–इतिहास के महापुरुष ५–राजनीति से दूर ६–राष्ट्रपिता ७–पिता के पत्र पुत्री के नाम ८–हिन्दुस्तान की समस्याएं ९–कुछ पुरानी चिट्ठियां।

महामानव जवाहर के विषय में विश्व कवि श्री रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने कहा था–"श्री जवाहर लालेन राजनैतिक संघर्षक्षेत्रे-यत्र प्रायः छल-छद्म-कूट-कपट-आत्मप्रवंचनादिका दोषाश्चरित्रं दूषयन्ति शुद्धाचरणस्याप्रतिमः आदर्शः स्थापितः, सोऽति विकट संकट-संघट्ट-पूर्णादपि सत्याद्विमुखोनाभवत्। विविध-सुविधा-सुख-विधायकेनाप्यसत्य-व्यवहारेण तन्मनो मेलनं न जातम्। तस्य प्रतिमा प्रभावशालिनी प्रज्ञा कूटनीतिकादसन्मार्गात्सर्वदावज्ञापूर्वकं, प्रतिनिवृत्ता, यत्र साफल्यमत्य-मूल्यं तुच्छं च भवति।

उस वीर नायक के चरित्र की प्रशंसा न केवल चाटुकारों ने अपितु प्राणों तक के शत्रु ब्रिटेन आदि देशों ने भी की है। नेहरूजी पर 'शूरो वैरि-प्रशंसितः' यह उक्ति पूर्णतः चरितार्थ होती है।